# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ

## ढोल बाजों के साथ बप्पा की विदाई



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा/गंजबासौदा 6 सितम्बर, गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे नारे पूरे शहर में गूंजते रहे. गणपति बप्पा की पूजा अर्चना हुई.वाहनों को सजाया गया.गणपति बप्पा को विराजित किया गया और विसर्जन के लिए सड़कों पर विदाई दर्शन लाभ लेने लोगों की लाइन लगी रही.**

बेतवा नदी में विसर्जन कार्यक्रम चलता रहा. छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था.महिलाएं बच्चे पैदल चल रहे थे.ट्रैक्टर ट्रालियों का भी इंतजाम किया गया था ताकि बस्तियों के गरीब लोग अपने अपने घरों से लाकर ट्राली में श्री गणेश जी को विराजित कर सके भंडारे धार्मिक आयोजन भी चलते रहे.भगवान श्री गणेश उत्सव पर भजन कीर्तन तथा अन्य धार्मिक आयोजन होते रहे.

### हैदरगढ़ में भगवान गणेश का चल समारोह निकाला किया विसर्जन

कस्बा हैदरगढ़ में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमाओ का चल समारोह निकला कस्बा हैदरगढ़ में किन्नरों द्वारा स्थापित भगवान गणेश जी की प्रतिमा का जुलूस बड़े ही धूम धाम से निकाला गया जो कि प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा साथ ही भगवान गणेश की अन्य प्रतिमाएं निकाली गई.हैदरगढ़ के प्रमुख मार्गों से होते हुए जुलूस नदी घाट पहुंचा. जहां विधि विधान से गणपति जी की प्रतिमाओं को विसर्जित किया चल समारोह में अनेक झांकियां व उनके आयोजक एवं ग्रामीण शामिल हुए चल समारोह में ढोल बाजे एवं साउंड पर अनेक युवक नाचते गाते गणेश विसर्जन चल समारोह के दौरान गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारा श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव के साथ लगाते रहे जयकारे करते चल रहे थे.

### आनंदपुर में धूमधाम से निकला गणेश विसर्जन जुलूस



आनंदपुर में अनंत चतुर्थी के अवसर पर शनिवार को भगवान गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया. नगर में गणेश जी की आकर्षक झांकी सजाई गई और ढोल-नगाड़ों व डीजे की धुनों के बीच पैदल जुलूस निकाला गया.जुलूस में बच्चे और युवा गुलाल उड़ाते हुए, नाचते-गाते भगवान गणेश जी को विसर्जन के लिए ले जा रहे थे. जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जुलूस का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया.विशाल राव ने बताया कि प्रतिवर्ष भगवान गणेश जी को विसर्जन के लिए उनकी झांकी की टीम धूमधाम से जुलूस निकालती है. उन्होंने कहा, यह परंपरा वर्षों से चल रही है और पूरे उत्साह के साथ निभाई जाती है.

### सिरोंज में भी अनंत चतुर्दशी पर बप्पा की प्रतिमाओं का किया विसर्जन

सिरोंज नगर में शनिवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मंगलमूर्ति भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन हेतु ले जाया गया. इसके साथ ही श्रीगणेशोत्सव का भी समापन हुआ.अनंत चतुर्दशी पर शहर में सुबह से लेकर सायं तक भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन हेतु ले जाने का सिलसिला चलता रहा. नगर में विभिन्न स्थानों पर झांकियों में विराजित श्रीगणेश की प्रतिमाओं को समिति के लोगों के साथ ही श्रृद्धालु जयकारों के साथ स्थानीय केथन बांध पर विसर्जन हेतु लेकर पहुॅचे. जहॉ पर भगवान श्रीगणेश की पूजन, आरती के बाद बप्पा के जयकारों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. इसके पूर्व झांकियों में हवन, पूजन एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस मौके पर नगर में चलसमारोह का भी आयोजन किया गया. जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकला.



# नदी में बहा बाइक सवार

## एनडीआरएफ कर रही तलाश



**नवभारत न्यूज**
**हैदरगढ़ 6 सितम्बर, थाना हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम सेमरा टप्पा निवासी मनोज लोधी (45) पुत्र रंजीत लोधी गुरुवार की रात नदी पार करते समय हादसे का शिकार हो गए बताया जा रहा है कि वे रात करीब 12 बजे बागरोद से अपने गांव लौट रहे थे.**

इस दौरान दैयरपुर इमलाघाट स्थित वावना नदी के उफान में बाइक सहित बह गए शुक्रवार को परिजनों ने हैदरगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी.शनिवार सुबह पानी उतरने पर नदी में उनकी मोटरसाइकिल दिखाई दी, जिससे हादसे की पुष्टि हुई गुरुवार रात 8 से 10 बजे के बीच क्षेत्र में तेज बारिश हुई थी, जिसके चलते नदी-नाले उफान पर आ गए थे हादसे की सूचना मिलते ही हैदरगढ़ पुलिस, एनडीआरएफ और होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची और देर शाम तक बकेना व कनेरा तक सर्चिंग की, लेकिन मनोज का कोई सुराग नहीं मिला.थाना प्रभारी हैदरगढ़ ने बताया कि अब सागर जिले की राहतगढ़ थाना पुलिस की टीम के साथ संयुक्त रूप से सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा.

# बिजली विभाग की लापरवाही से लोग परेशान

**नवभारत न्यूज**
**गुलाबगंज,** बिजली विभाग की लापरवाही रवैया लोगों की परेशानी का सवव बन गया है. विभाग मीटर रीडिंग के बिल न प्रिंटेड आ रहे हैं और न उपभोक्ताओं के मोबाइल पर आ रहे हैं.जबकि विभागीय कर्मचारियों ने मोबाइल नम्बर लेकर अपडेट भी कर ओटीपी लेकर अपडेट किया है.बिल कहां जा रहे हैं किसी को नहीं पता. ऐसे में उपभोक्ता को यह जानकारी नहीं मिलती की कितनी राशि भरना है. राशि समय पर जमा न करने पर स्वतह बिजली काट दी जाती है.

जब गुलाबगंज के बिजली घर के कर्मचारी अनिल से जानकारी चाही तो उनका कहना कि हमने पूरी औपचारिकता कर ओटीपी भी उपभोक्ता से लेकर विभाग को भेजी है वहां के बावू ने इन्द्राज नहीं की होगी. ऐसी स्थिति में उपभोक्ता स्वयं कार्यालय जाकर सुधार कराए इतने जरा से काम के लिए एक दिन बर्बाद कर 500 की मजदूरी छोड़ कर 500 आने जाने में खर्च करें और इतने पर वहां वाबू न मिले तो लौट के बुद्धु घर आए वाली कहावत ही चरितार्थ होगा. विभाग को उपभोक्ता की सुविधा के लिए व्यवस्था में सुधार कर उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करना चाहिए.वरिष्ठ अधिकारी इस और ध्यान देकर व्यवस्था में सुधार कराएं.

## एक नजर में

### पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन मंदिरों में किए दर्शन

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** नगर में आज पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. इस अवसर पर मंदिरों में पूजन, अभिषेक, शांतिधारा का कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस मौके पर समाजजन नगर में स्थित जैन मंदिरों के दर्शनों के लिए पहुंचे. वही मंदिरों में फूलमाल का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया. वही मंदिरों में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा संपन्न हुई. इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

### पितरों को श्रद्धा दें वे हमें शक्ति देंगे

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** अखिल विश्व गायत्री परिवार, विदिशा द्वारा श्राद्ध पक्ष के अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ, स्वर्णकार कॉलोनी एवं गायत्री शक्ति पीठ, राजीव नगर में सामूहिक श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान नि:शुल्क कराया जाएगा.भारतीय संस्कृति में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु 16 दिन का श्राद्ध पक्ष मनाया जाता है।इन दिनों विधिविधान से श्राद्ध करने पर परिवार को सुख-शांति, स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता व पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है.यह आयोजन आज 07 सितंबर से 21 सितंबर तक प्रतिदिन प्रात: 7.30 से 9 बजे तक होगा.श्रद्धालुओं से निवेदन है कि वे समय से 15 मिनट पूर्व पधारें.पूजन सामग्री की व्यवस्था पीठों पर रहेगी.

# 5 दिनों में खेले जायेंगे 48 फुटबॉल मैच

## 10 संभागों के 360 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

## राज्यस्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता 8 से 12 सितंबर तक




**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 19 बालक बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 8 सितंबर से 12 सितंबर तक सांदीपनि विद्यालय सिरोंज के ग्राउंड पर होगा. जिसमें 10 संभाग की बालक एवं बालिका वर्ग में 180 बालक एवं 180 बालिकायें सम्मिलित होंगे. प्रतियोगिता में 5 दिन में 48 मैच खेले जावेंगे. यह प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट पद्धति से खेली जावेगी. इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के कुल 48 मैच खेले जावेंगे. जिसका फाइनल मैच 12 सितंबर को खेला जावेगा.**इस संबंध में बीईओ उमेश सोनी, प्राचार्य महेश ताम्रकार, खेल शिक्षक शान मियां एवं जमशेद ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में उज्जैन, रीवा, जबलपुर, शहडोल, सागर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, इन्दौर एवं भोपाल संभाग सहित जनजातीय कार्य विभाग की टीमें शामिल होंगी. प्रत्येक संभाग के पृथक-पृथक बालक एवं बालिका की टीम का शामिल होगी. 10 संभाग से कुल 180 बालक एवं 180 बालिकायें इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे. बालक एवं बालिकाओं के साथ करीब 50 कोच एवं मैनेजर भी उपस्थित रहेंगे. प्रतियोगिता के खेल संचालन के लिए 16 स्टेट आफिशियल्स एवं स्थानीय रेफरी द्वारा मैचों का संचालन किया जावेगा. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 10 संभागों में से बालक एवं बालिका वर्ग की मध्यप्रदेश टीम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया जावेगा. प्रतियोगिता के संचालन हेतु 20 समितियों की गठन किया गया है. बालक वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता श्रीनगर एवं बालिका वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता इंफाल में आयोजित की जावेगी.

### संभाग की टीमें शहर में निकालेंगी मार्च पास्ट

प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिये रविवार शाम से टीमों का आना शुरू हो जावेगा. सोमवार प्रात: 10 बजे नया बस स्टेंड से मार्च पास्ट रैली में 10 संभागों के खिलाड़ी एवं कोच, मैनेजर रैली में सम्मिलित रहेंगे. रैली नया बस स्टेंड से प्रारंभ होकर नगर पालिका, पुराना हाट बाजार, जनपद कार्यालय के सामने, कोर्ट गेट, सिनेमा चौराहा, सर्राफा बाजार, कठाली बाजार, विद्यार्थी पथ होते हुए सांदीपनि विद्यालय के गेट नं. 2 से खेल मैदान में प्रवेश करेंगी.

# चंद्र ग्रहण के कारण पूर्णिमा का श्राद्ध 12 .30 बजे के पूर्व होगा सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** धर्मगुरू धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा 7 सितम्बर रविवार को चंद्रग्रहण का वेध दिन में 12.57 से प्रारम्भ होगा. अत: पूर्णिमा का श्राद्ध कुतुवकाल में दिन में 12.30 बजे के पूर्व सम्पन्न करके विप्रभोज किया जावेंगा. विदित हो कि आज पूर्णिमा को खग्रास चन्द्रग्रहण होने से सायंकाल मन्दिरों के पट (दर्शन के लिए) नहीं खुलेगे. खग्रास चंद्र ग्रहण भारतीय समय के अनुसार रात्रि 9.57 से प्रारम्भ होगा.मध्यकाल रात्रि 11/43 पर एवं चंद्रग्रहण का मोक्ष रात्रि 01/29 पर होगा.ग्रहण काल का शुभ फल-धनु, तुला, कन्या, वृषभ, मेष मध्यम फल- मकर, सिंह, मिथुन अशुभ फल- कर्क, वृश्चिक, कुम्भ, मीन ग्रहण मोक्ष का समय रात्रि 01/29 मिनट पर होगा.

# शिक्षक शिक्षा के प्रणेता और संस्कारों का होते वाहक-डायरेक्टर यादव

## सैण्ट एसआरएस स्कूल में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों का किया आत्मीय सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, प्रथमेश भगवान गणेश जी की अनंत चतुर्दशी के अवसर पर स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं का संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा आत्मीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव ने कहा कि शिक्षक शिक्षा के साथ संस्कारों का प्रदाता और वाहक होता है.शिक्षक के माध्यम से हम नई पीढ़ी में ज्ञान के साथ संस्कार प्रवाहित करते हैं.मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव ने कहा कि प्राचीन काल में गुरुजन अपने शिष्यों को अध्यापन के साथ-साथ संस्कार भी देते थे.सभी शिष्य भी गुरु के द्वारा बताई गई हर बात पर ध्यान देकर अपने जीवन में उन्हें आत्मासात कर अपने जीवन को सरल और सौम्य बनाते थे पर आज के युग में हम चाह कर भी वह शिक्षा नहीं दे पा रहे क्योंकि शिक्षकों के ऊपर बंदिशें लगा दी गई है ,बदलते समय के हिसाब से शिक्षा और संस्कार देने में बदलाव करना आवश्यक है. यदि बच्चों को संस्कार देना है, तो पहले शिक्षक को भी प्राचीन काल के गुरुजनों की तरह ही संस्कारित होना होगा साथ ही अपने कर्तव्य के प्रति सचेत रहना होगा. प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने शहर के वर्तमान परिवेश और हालातों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को हर पल सजग और जिम्मेदार रहने हेतु मार्गदर्शित किया.

### बच्चों और संस्था ने किया शिक्षकों का सम्मान

संस्था में शिक्षक सम्मान का कार्यक्रम बड़े स्तर पर सम्पन्न हुआ. जहां राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से संस्था के सभी शिक्षकों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया वहीं संस्था प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर के एस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव एवं प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने सैण्ट एस.आर.एस. स्कूल एवं नवीन विस्तारित भवन गोपाल पाठशाला के समस्त शिक्षकों को उपहार सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी. इस दौरान शिक्षकों को विभिन्न मनोरंजक खेलों और बौद्धिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से आनंद से भरने का प्रयास किया गया. कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक स्नेह भोज का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का संचालन से लेकर संयोजन की पूरी जिम्मेदारी छात्र छात्राओं ने बखूबी निभाई.

### तिवारी की श्रद्धांजलि सभा 8 को

**नवभारत न्यूज**
**सांची,** विगत दिनों रमाशंकर तिवारी एवं दशरथ तिवारी के भाई तथा दिनेश तिवारी एवं नप पार्षद विवेक तिवारी के पिता श्री का 27 अगस्त को नगर के बीना वाले पंडित जी के नाम से प्रसिद्ध जाने माने समाज सेवी मोहन प्रसाद तिवारी का दुखद स्वर्गवास विदिशा से लौटते समय रंग ई के समीप एक वाहन दुर्घटना मे हो गया था उनकी आत्मशांति हेतु 8 सितंबर सोमवार को नगर की कृष्णा होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया है.इस कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा.

# अनंत चतुर्दशी पर धूमधाम से निकले श्री जी



**नवभारत न्यूज**
**पठारी, जैन समाज के पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर जैन समाज के द्वारा विमान चल समारोह निकाला गया .लोगों ने अपने घरों के सामने रंगोली सजा कर श्री जी आरती उतारी.**

चल समारोह जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ जो नगर के मुख्य मार्ग गढ़ी मोहल्ला, तालाब मार्ग, मुख्य बाजार, बस स्टैंड होते हुए वापस जैन मंदिर में पहुंच कर समाप्त हुआ.चल समारोह में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र एवं महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर चल समारोह में शामिल हुए.बड़े बाबा के जयकारों के साथ लोग भजन एवं धार्मिक जयकारे लगाते चल रहे थे.चल समारोह का समापन होने के बाद मंदिर जी में श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा हुई. इस दौरान जैन समाज के बच्चे महिलाएं सहित समस्त वर्ग के लोग शामिल हुए और पुलिस प्रशासन दुरुस्त रहा.

## लापरवाही — प्रशासन के नशा मुक्ति अभियान पर उठ रहे सवाल

# त्योहारों पर शराब माफियाओं की सक्रियता चरम पर




**नवभारत न्यूज**
**सांची 6 सितम्बर, जैसे-जैसे त्यौहारों का आगाज होता है, वैसे-वैसे शराब माफियाओं की सक्रियता चरम पर पहुंच जाती है.इस दौरान पुलिस जहां त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की जद्दोजहद में लगी रहती है, वहीं आबकारी विभाग की शिथिलता से शराब माफियाओं के हौसले बुलंद होते दिखाई देते हैं.इससे सरकार और प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान खोखला साबित हो रहा है.**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सांची, जिसे विश्व को शांति का संदेश देने वाला स्थल माना जाता है, वहां त्योहारों के समय शराब का अवैध कारोबार खुलेआम फलने-फूलने लगता है.प्रशासन समयबद्ध बिक्री के आदेश तो जारी करता है, लेकिन वह केवल कागजों तक सीमित रह जाते हैं.इतना ही नहीं, जब-जब शासन प्रतिबंध लगाता है, विभागीय मिलीभगत से माफिया पिछला दरवाजा खोलने में सफल हो जाते हैं.

### नशा मुक्ति अभियान खोखला साबित

नशे के विरुद्ध बड़े स्तर पर चलाए गए जागरूकता अभियान और शपथ ग्रहण कार्यक्रमों के बावजूद, शराब माफियाओं ने पूरे अभियान को पलीता लगा दिया है.गांव-गांव और घर-घर तक शराब की सप्लाई पहुंच रही है.सूत्रों के अनुसार सरकार को शराब कारोबार से करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है, वहीं विभागीय अधिकारियों की भी समानांतर आय होती रहती है. यही कारण है कि शासन-प्रशासन की नशा मुक्ति मुहिम ध्वस्त हो रही है.

### त्योहारों की खुशियां शराब की भेंट

त्योहारों पर शराब दुकानों में मेले जैसी भीड़ उमड़ पड़ती है, जहां अव्यवस्था और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. बौद्ध अनुयायियों का पवित्र तीर्थ स्थल कहे जाने वाले सांची की पवित्रता भी इस दौरान दागदार होती है. शराबखोरी से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ती है, जिन्हें असुरक्षित माहौल का सामना करना पड़ता है.

### नागरिकों की आवाज बुलंद हो चली

लगातार बढ़ते शराब कारोबार से आमजन में रोष व्याप्त है. नागरिकों ने प्रशासन से शराब माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई कर सांची की पवित्रता और त्योहारों की खुशियों को सुरक्षित रखने की मांग उठाई है.

# पूर्व राष्ट्रपति की जयंती मनाई और मदर टेरेसा की मनाई पुण्यतिथि

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन सर्वपल्ली की जयंती एवं नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा की पुण्यतिथि मनाई गई.**

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं दोनों के जीवन पर प्रकाश डाला इसके पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां एक और स्वर्गीय सुश्री मदर टेरेसा ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों की अशिक्षितों की एवं वंचितों की सेवा में व्यतीत किया वहीं देश के पूर्व राष्टपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जिनके जन्म दिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं दोनों सादी के महा जननायक थे और दोनों ने अपना जो संपूर्ण जीवन पीड़ित मानवता की सेवा में अर्पित किया और देश को एक नई दिशा और दशा प्रदान की इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार में उन दोनों जननायको के बारे में बतलाया और उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर रामबाबू यादव गौरव शर्मा सहित शरद जैन सर्वांग शर्मा टीपू सोलंकी कैलाश नेमा अनेक वाचनालय पाठक संघ के सम्मानित सदस्य उपस्थित थे.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से

**रघुवंशी समाज सहकारी समिति मर्यादित,विदिशा (म.प्र.)**
स्थान :- विदिशा (म.प्र.) दिनांक 05/09/2025

पंजीयन क्रमांक/ डी आर/व्ही.डी.एस.939 दिनांक 28/08/2014

:: सूचना ::

रघुवंशी समाज सहकारी समिति मर्यादित विदिशा का वार्षिक सम्मेलन (आम सभा) 22/09/2025 दिन सोमवार दोप.2.00 बजे स्थान रघुवंशी सेवा ट्रस्ट (रघुवंशी धर्मशाला नीमताल) विदिशा में आयोजित की गई है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थिगित होने की दशा में स्थिगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं है।

अत: समस्त सदस्य महानुभावों से निवेदन है कि नियत दिन व समय पर आवश्यक रूप से निर्धारित स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

के.सी.यादव
प्रशासक प्रशासन
रघुवंशी समाज सहकारी संस्था मर्या. विदिशा (म.प्र.)